भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
20.07.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 551 का उत्तर

बुलेट ट्रेन परियोजना

551. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बुलेट ट्रेन परियोजना के अंतर्गत पहली ट्रेन के कब तक परिचालित होने की संभावना है;

(ख) बुलेट ट्रेन परियोजना में विलम्ब के क्या कारण हैं और उक्त परियोजना शुरू करने की मूल समय-सीमा क्या है; और

(ग) परियोजना में विलम्ब के कारण हुई कुल लागत वृद्धि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग) मुंबई- अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) के निष्पादन में देरी मुख्य रूप से महाराष्ट्र राज्य में भूमि अधिग्रहण में देरी और ठेकों को अंतिम रूप देने में परिणामी देरी के साथ-साथ कोविड-19 के प्रतिकूल प्रभाव के कारण हुई है। भूमि अधिग्रहण पूरा हो जाने, सभी ठेकों और संबद्ध समय-सीमा को अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही प्रत्याशित लागत वृद्धि और समय-सीमा का निर्धारण किया जा सकता है।

****

s.k